
"Government is Finance"
- Lloyd George
DEPARTMENT OF PUBLIC ADMINISTRATION
" Role of Digitalization in Improving Civil Service Accountability & Transparency"
" Budget is the life blood of the government."
- Aaron Wildavsky



Maharshi Dayanand University Rohtak

April 22 at 4:50 PM ·

रोहतक, 22 अप्रैल। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (मदवि) के लोक प्रशासन विभाग द्वारा पं दीनदयाल उपाध्याय सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर रूरल डेवलेपमेंट एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय रिसर्च चेयर के सहयोग से सिविल सर्विस डे के अवसर पर- सिविल सेवाओं में जवाबदेही और पारदर्शिता को बढ़ाने में डिजिटलीकरण की भूमिका विषय पर एक विस्तार व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

पंचकूला शुगरफेड के प्रबंधक निदेशक कैप्टन शक्ति सिंह ने बतौर मुख्य वक्ता इस कार्यक्रम में शिरकत की। लोक प्रशासन विभाग के अध्यक्ष प्रो. सेवा सिंह दहिया ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया तथा व्याख्यान की विषयवस्तु पर प्रकाश डाला। कैप्टन शक्ति सिंह ने बहुत साधारण शब्दों में सिविल सेवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को उदाहरण सहित बच्चों को समझाया व अपने जीवन के अहम् पहलुओं को साझा किया। उन्होंने कहा कि महान शक्ति महान जिम्मेदारियों के साथ आती है। उन्होंने इस कथन का प्रयोग करके असल जिंदगी में सिविल सेवाओं को क्रियान्वयन करते समय आने वाली समस्याओं का भी जिक्र किया।

कैप्टन शक्ति सिंह ने कहा कि डिजिटलीकरण सिविल सेवाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने सिविल सेवाओं में नैतिकता, सत्यनिष्ठता और प्रतिबद्धता की महत्ता को व्यवहारिक उदाहरणों के साथ समझाया। उन्होंने बताया कि सिविल सर्विस समाज सेवा करने का एक महत्वपूर्ण जरिया है । साथ ही बच्चों को लोक सेवक बनने के लिए प्रेरित किया। अंत में कैप्टन शक्ति सिंह ने उपस्थित प्रतिभागियों से संवाद किया और उनके प्रश्नों के उत्तर भी दिए। कार्यक्रम का संचालन शोधार्थी पूजा गोयल ने किया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रो. सेवा सिंह दहिया, प्राध्यापक डॉ. सतबीर सिंह चाहर, डा. राजेश कुण्डू, डा. जगबीर नरवाल, डा. समुन्द्र सिंह, डा. सुमनलता समेत शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# लोक सेवक बनने के लिए आगे बच्चे: कैप्टन शक्ति सिंह




रोहतक | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में सिविल सर्विस-डे पर सिविल सेवाओं में जवाबदेही और पारदर्शिता को बढ़ाने में डिजिटलीकरण की भूमिका पर विस्तार व्याख्यान हुआ। इसमें लोक प्रशासन विभाग की ओर से पं. दीनदयाल उपाध्याय सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर रूरल डेवलपमेंट एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय रिसर्च चेयर के सहयोग से किया गया। पंचकूला शुगरफेड के प्रबंधक निदेशक कैप्टन शक्ति सिंह ने मुख्य वक्ता रहे। लोक प्रशासन विभाग के अध्यक्ष प्रो. सेवा सिंह दहिया ने व्याख्यान की विषयवस्तु पर प्रकाश डाला। कैप्टन शक्ति सिंह ने कहा कि डिजिटलीकरण सिविल सेवाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने सिविल सेवाओं में नैतिकता, सत्य निष्ठता और प्रतिबद्धता की महत्ता को व्यवहारिक उदाहरणों के साथ समझाया। उन्होंने बताया कि सिविल सर्विस समाज सेवा करने का एक महत्वपूर्ण जरिया है। साथ ही बच्चों को लोक सेवक बनने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रो. सेवा सिंह दहिया, डॉ. राजेश कुण्डू, डॉ. जगबीर नरवाल, डॉ. समुंदर सिंह, डॉ. सुमनलता, शोधार्थी पूजा गोयल उपस्थित रहे।